p>

Title: Demand to reduce GST rate on perfume production in Kannauj, Uttar Pradesh.

श्री सुब्रत पाठक (कन्नौज): अध्यक्ष जी, मैं कन्नौज संसदीय क्षेत्र से आता हूँ और वहाँ के एक प्रमुख मुद्दे पर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । कन्नौज में परम्परागत इत्र का उद्योग है और बड़ा ही प्राचीन उद्योग है, लेकिन जीएसटी की दरें 18 प्रतिशत होने के कारण इस उद्योग में मंदी आई है । किसान भी इस उद्योग से जुड़ा हुआ है । फूलों की खेती होती है, इस कारण से गुलाब जल, एरोमा ऑयल इत्यादि का उत्पादन होता है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि इत्र उत्पाद पर जीएसटी की दरें कम की जाएं, ताकि इस प्राचीन उद्योग को बढ़ावा मिले ।

दूसरा, आलू की फसल अधिक होने के कारण से, कन्नौज चूँकि प्रमुख आलू का केन्द्र है और 100 से भी अधिक कोल्ड स्टोरेजों में आलू का भंडारण है । इस बार मंदी के कारण आलू को फेंकने की स्थिति आ सकती है । अत: इस ओर भी सरकार ध्यान दे ताकि आलू को फेंकने की नौबत न आए । धन्यवाद ।